भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केंद्र-मोदीपुरम, मेरठ (उ.प्र.)
ICAR-Central Potato Research Institute
Regional Station, Modipuram-250110, Meerut (UP)

पत्रांक: 5-11/भण्डार/2024-25/ 67 दिनांक: 10 अप्रैल, 2024

सेवा में,

प्रभारी,
ए.के.एम.यू. सैल,
भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान,
शिमला-171 001 (हि0प्र0)।

विषय: **दिनांक 14 व 15 अप्रैल, 2024 को आलू की नीलामी की सूचना संस्थान की वैबसाईट पर अपलोड कराने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके संज्ञान में लाना है कि इस केन्द्र पर 500 क्विंटल आलू का प्रायोगात्मक बीज और लगभग 1500 क्विंटल विभिन्न किस्मों के प्रजनकों के बचे हुए कटे/फटे/अधिक आकार/कम आकार के बीज बचे हुए है जिनका निस्तारण दिनांक 14 अप्रैल, 2024 को मोदीपुरम व पाबली यूनिट पर तथा दिनांक 15 अप्रैल, 2024 को मछरी यूनिट पर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से कराना प्रस्तावित किया गया है।

अत: आपसे अनुरोध है कि इस पत्र के साथ संलग्न सार्वजनिक नीलामी की सूचना संस्थान की वैबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

भवदीय,

10/04/24
(आर.के. सिंह)
अध्यक्ष

Tele.: 0121-2575497 (O) ; **Email**: cpric.modipuram@gmail.com; modipuram.cpri@icar.gov.in;

Website: http://cpri.icar.gov.in

भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केंद्र-मोदीपुरम, मेरठ (उ.प्र.)
ICAR-Central Potato Research Institute
Regional Station, Modipuram-250110, Meerut (UP)

पत्रांक: 5-11/भण्डार/2024-25/67 दिनांक: 10 अप्रैल, 2024

नीलामी सूचना

इस केन्द्र पर लगभग 500 कुंतल प्रायोगिक आलू बीज (अवर्गीकृत, अण्डर साईज व ऑवर साईज) और लगभग 1500 कुंतल आलू प्रजनक (ब्रीडर) बीज (अण्डर साईज, ऑवर साईज व कटा-फटा) आदि की नीलामी दिनांक 14 व 15 अप्रैल, 2024 को जैसा है जहां हैं, के आधार पर छोटे छोटे ढेरो (Lots) में निम्नानुसार होगी:-

क्रम सं0	प्रक्षेत्र का नाम	नीलामी की तिथि व समय	अनुमानित बीज की मात्रा	पंजीकरण/धरोहर राशि
1.	मोदीपुरम एवं पाबली प्रक्षेत्र	14 अप्रैल, 2024 प्रात: 10:30 बजे	प्रायोगिक बीज लगभग 500 कुंतल एवं प्रजनक बीज लगभग 350 कुंतल	रू 10,000/-
2.	मछरी प्रक्षेत्र	15 अप्रैल, 2024 प्रात: 10:30 बजे	प्रजनक बीज लगभग 1200 कुंतल	रू 10,000/-

पंजीकरण राशि उक्त तिथियों में केवल मोदीपुरम प्रक्षेत्र पर सुबह 8:30 बजे से 10:00 बजे के बीच जमा की जायेगी। पंजीकरण केवल मोदीपुरम केन्द्र पर ही होगा। पंजीकरण के लिए वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड व पहचान-पत्र) की छायाप्रति लानी आवश्यक है। नीलामी की नियम एवं शर्तो की जानकारी मौके पर ही दी जायेंगी। नीलामी छूटने पर बीज आलू का भुगतान डिजीटल माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। अत: नीलामी प्रतिभागियों को यह सलाह दी जाती है कि कृपया डिजिटल भुगतान हेतु डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड अथवा यूपीआई पेमेंट इत्यादि की व्यवस्था रखें। नीलामी के दिन किसी भी दशा में बीज आलू नहीं उठेगा।

अध्यक्ष के पास बिना कारण बताये किसी भी बोली/समस्त बोली को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अन्य नियमों व शर्तो की घोषणा मौके पर की जायेगी।

असफल बोलीदाताओं की पंजीकरण/धरोहर राशि नीलामी समाप्त होने के बाद वापिस कर दी जायेगी तथा सफल बोलीदाताओं की पंजीकरण राशि पूर्ण भुगतान प्राप्त होने के बाद ही वापिस की जायेगी।

10/04/24
अध्यक्ष

Tele.: 0121-2575497 (O) ; **Email**: cpric.modipuram@gmail.com; modipuram.cpri@icar.gov.in;

Website: http://cpri.icar.gov.in